कार्यालय प्रथम अपीलीय अधिकारी, जिला कलेक्टर, दौसा

सत्यमेव जयते
Web Copy - Not Official

श्री दिनेश कुमार सैनी ''जाकड सदन'' आनन्द कॉलोनी, पी0 जी0 कॉलेज के पीछे, दौसा जिला राजस्थान

बनाम

लोक सूचना अधिकारी, तहसीलदार (भू0अ0) सिकराय, जिला दौसा

अपील सं0 30/2018

<u>निर्णय</u> दिनांक 27.06.2018

संक्षिप्त विवरण अपील इस प्रकार है कि प्रार्थी द्वारा लोक सूचना अधिकारी तहसीलदार (भू0अ0) सिकराय, जिला दौसा से सूचना/नकल हेतु दिनांक 10.04.2018 को आवेदन पत्र प्रस्तुत किया। प्रार्थी को वॉछित सूचना/नकल निर्धारित समयावधि में प्राप्त नहीं हुई। इसी से पीडित होकर यह अपील पेश की गई है।

अपील दर्ज रजिस्टर की गई । लोक सूचना अधिकारी, तहसीलदार (भू0अ0) सिकराय, जिला दौसा को आवेदन पत्र की छाया प्रति प्रेषित कर संबंधित को वॉछित नकल/सूचना उपलब्ध करवाई जाकर जॉच टिप्पणी मॅगवाई गई।

पत्रावली का अवलोकन किया गया। पत्रावली के अवलोकन से प्रकट होता है कि लोक सूचना अधिकारी, तहसीलदार (भू0अ0) सिकराय द्वारा उनके पत्रांक टीआरए/2018/100 दिनांक 22.06.18 द्वारा इस कार्यालय को अवगत कराया है कि उक्त वॉछित सूचना उनके पत्रांक टीआरए/ 2018/82 दिनांक 28.05.18 द्वारा आवेदक को पूर्व में ही प्रेषित की जा चुकी है। साथ ही लोक सूचना अधिकारी, तहसीलदार (भू0अ0) सिकराय द्वारा आवेदक को सूचना उपलब्ध कराये जाना अंकित कर अपील निरस्त करने हेतु निवेदन किया है। आवेदक को सूचना उपलब्ध हो जाने के फलस्वरुप अपील अपीलांट चलने योग्य नहीं है।

उपरोक्त विवेचन के आधार पर अपील अपीलांट खारिज की जाती है। संबंधित को निर्णय प्रति प्रेषित करें। बाद पूर्ति पत्रावली प्रविष्ठ लेख भण्डार हो ।

(नरेश कुमार शर्मा)
जिला कलेक्टर, दौसा

जिला कलेक्टर, दौसा